अमर उजाला 29/01/2025

एआई के बारे में किया छात्रों को शिक्षित

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता के बारे में छात्रों को शिक्षित करने और संलग्न करने के उद्देश्य से केवी नंबर चार में एआई जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इसको जिज्ञासा को प्रेरित करने और एआई के बढ़ते क्षेत्र और भविष्य के लिए इसके निहितार्थ में अंतरदृष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन किया था। इस अभियान में कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता कौशिक ने सूचनात्मक प्रस्तुतियां दिखाई। प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी कमलप्रीत कौर ने छात्रों को एआई के महत्व और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस तरह के शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए संकाय सदस्यों को बधाई दी। संवाद